**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
बिहार कृषि विश्वविद्यालय
सबौर, बिहार

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 29-07-2025**

**किशनगंज(बिहार ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2025-07-29 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2025-07-30 | 2025-07-31 | 2025-08-01 | 2025-08-02 | 2025-08-03 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 25.0 | 25.0 | 30.0 | 30.0 | 30.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 33.0 | 32.0 | 32.0 | 33.0 | 32.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 27.0 | 26.0 | 27.0 | 27.0 | 27.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 90 | 90 | 90 | 90 | 90 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 60 | 65 | 70 | 65 | 70 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 14 | 16 | 12 | 7 | 3 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 90 | 90 | 90 | 90 | 110 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 |
| चेतावनी | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | भारी वर्षा; आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | भारी वर्षा; आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | भारी वर्षा; आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | भारी वर्षा; आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ |

## पूर्वानुमान सारांश:

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार आगामी पांच दिनों के लिए जारी मध्यम अवधि के पूर्वानुमान के अनुसार अधिकतम तापमान 32 .0°C और 33 .0 °C के बीच रहने का अनुमान है। न्यूनतम तापमान 26 .0°C और 27 .0 °C के बीच रहने का अनुमान है सुबह के समय सापेक्षिक आर्द्रता 90 और 90 प्रतिशत के बीच और अपराहन सापेक्षिक आर्द्रता 60 से 70 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है और सतही हवा की गति 3 किमी प्रति घंटा से 16 किमी प्रति घंटा पूर्वी दिशा में चलने की संभावना है। आने वाले दिनों में मज़बूत सतही हवाएं और बादल छाने के साथ वर्षा होने की जबरजस्त संभावना बनी है।

## मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):

| |
|---|
| 30 &31 -7-2025 और1, 2 & 3 -8 -2025 के बीच वर्षा , गरज और बिजली, तूफ़ान आदि की संभावना है; तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है। |

## मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:

| |
|---|
| तैयार धान की पौधों की बारिश को देखते हुए रोपाई का कार्य करे | |

## सामान्य सलाहकार:

| |
|---|
| आने वाले दिनों में ज्यादातर संभावना है तेज हवाओ के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की , बारिश को ध्यान में रखते हुए धान की रोपाई वाले खेत को तैयार कर रोपाई का कार्य करे | और पके हुए फलो सब्जियों की तुड़ाई का कार्य करे | |

## लघु संदेश सलाहकार:

| |
|---|
| आने वाले दिनों में ज्यादातर संभावना है तेज हवाओ के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की , बारिश को ध्यान में रखते हुए धान की रोपाई का कृषि कार्य करे | |

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| चावल | जिन किसान भाईयो की नर्सरी 20 -25 दिन की हो गई हो तो किसान भाई पौधे को कतार में रोपे |एक जगह एक या दो पौधे लगाए | खरपतवार से बचाव के लिए खरपतवार नाशी के रूप में प्रेटीलाक्लोर 1 .5 लिटर प्रति हेक्टेयर की दर से धान रोपाई के 2 से 3 दिन के अन्दर छिडकाव करे | मुख्य पोषक तत्व कि संतुलित मात्रा के साथ रोपाई करे, मिट्टी में जिंक की कमी होने पर जिंक सल्फेट मोनोहाइड्रेट (33 %) का 2 -3 किलोग्राम कि दर से रोपाई के समय मिट्टी में मिला दे | |
| मक्का | समय पर बोई गई मक्का की फसल में पहली निराई गुड़ाई 15 - 20 दिन बाद कर दे | तथा खेत में पानी भराव न होने दे जल निकास की उचित व्यवस्था बनाए रखे | और जिनकी मक्का बुआई के बाद 25 - 30 दिन की हो गई है वे अपनी मक्का के फसल में खरपतवार नियंत्रण के लिए खरपतवारनाशी के रूप में टीम्बोट्रीयान 42 % एस सी 115 मिलीलिटर / एकड़ के हिसाब से छिडकाव करे | |
| रागी | श्री अन्न मे रागी ,कोदो ,सावा ,चिना आदि की बुआई जिन किसान भाइयो ने कर लिया है , वो खेत में बारिश कि पानी को इकट्ठा न होने दे | |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| लीची | नये बाग लगाने के लिए ले आउट के हिसाब से खुदाई किए गए गड्ढो में गोबर की सड़ी खाद डालकर भराई करे | |
| आम | आम के नविन बाग लगाते समय परागण हेतू उपयूक्त किस्मो का 10 % रोपण अवश्य करे | आम के फलत वाले पौधे जो 10 वर्ष के ऊपर के है पूरा फल तोड़ने के बाद पौधों में 1.0 किग्रा यूरिया प्रति पेड़ के हिसाब से दे | |
| लौकी | लता वाली सब्जियों में मचान बनाए | और सब्जियों के खेत जल जमाव न होने दे | उचित जल निकासी की व्यवस्था बनाए | |
| बैंगन | खड़ी फसल से परिपक्क फल को तोड़े | जल निकास की व्यवस्था बनाए व फल छेदक और सफेद मक्खि कीट से बचाव के लिए 1.5 - 2 % नीम के तेल का घोल बनाकर छिड़काव करे | |

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| टमाटर | खड़ी फसल से परिपक्क फल को तोड़े। जल निकास की व्यवस्था बनाए व फल छेदक और सफेद मक्खि कीट से बचाव के लिए 1.5 - 2 % नीम के तेल का घोल बनाकर छिड़काव करे। |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गाय | मौसम में बदलाव को देखते हुए पशुओ को संतुलित आहार के साथ खनिज लवण भी दे। |

## अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

| अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) | अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| सामान्य सलाह | कद्दू वर्गीय फसलो में पानी इकट्ठा न होने दे जल निकास की व्यवस्था बनाए। पानी लगने से उपज में कमी आ सकती है। अत: अच्छे उपज लेने के लिए अतिरिक्त पानी को क्यारी से बाहर निकाल दे। किसान भाई रात्रि में पेड़ के निचे पशुओं को न बाधे तेज झोकेदार हवायो के चलने से आपस में टकराकर पेड़ की डालिया टूट सकती है। और पशुधन की हानी होने की संभावना बढ जाती है। |
| कृषि क्षेत्र | किसान भाई ध्यान दे ऊची भूमि में अगर धान की रोपाई नहीं हो पा रही है पानी की कमी के कारण वहा पर मक्का , सब्जी , या मोटे अनाज की खेती की जा सकती है। |

## मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

| |
|---|
| 30 &31 -7-2025 और 1 ,3 -8 -2025 के बीच वर्षा , गरज और बिजली, तूफान आदि की संभावना है; तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है। |

## प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

| |
|---|
| तैयार धान की पौधों की बारिश को देखते हुए रोपाई का कार्य करे। |

**Farmers are advised to download Unified �Mausam� and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.**

**Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/**

**Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details**

**Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details**